Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title : Need to extend financial assistance to the Government of Rajasthan for providing relief to the farmers whose crops have been damaged due to rains.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान प्रदेश में बेमौसमी बरसात में किसानों की सारी फसलें खराब हो गयी हैं। किसान आत्महत्या करने की स्थिति में आ गया है। राजस्थान की लोकप्रिय मुख्यमंत्री ने दौरा करके किसानों की फसलों का जायजा लिया है एवं हर सहायता का आश्वासन भी दिया है। लेकिन राज्य सरकार के संसाधन सीमित हैं। इस कारण राज्य सरकार चाहते हुए भी किसानों को मुआवजा देने में असमर्थ है।

महोदय जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान के किसानों की फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केन्द्रीय अध्ययन दल भेजा जाये एवं राजस्थान के किसानों को उनकी फसलों से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाये। किसानों के कर्जे, बिजली के बिल, सहकारी ऋण आदि माफ किया जाये।